# BK BIRLA CENTRE FOR EDUCATION

**SARALA BIRLA GROUP OF SCHOOLS**
**SENIOR SECONDARY CO-ED DAY CUM BOYS' RESIDENTIAL SCHOOL**
**ANNUALEXAMINATION 2024-25**
**HINDI**

Class : VII — Duration: 3.00 Hrs
Date : 17.03.2025 — Max. Marks: **80**
Admission No.: — Roll No.:

---

**सामान्य निर्देश –**

- इस प्रश्न पत्र के **चार** खण्ड़ हैं – क, ख, ग, और घ।
- चारों खण्ड़ों के प्रश्नों के उत्तर देना **अनिवार्य** है।
- स्वच्छता के अभाव में अंक काटे जाएगें।

---

## खण्ड क (वाचन कौशल )

**प्रश्न. 1.अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर छाँटकर लिखिए –** (3)

प्राचीन काल में मथुरा में एक अत्याचारी राजा था। उसका नाम कंस था। उसकी एक बहन देवकी थी। उसका विवाह वसुदेव के साथ हुआ। जब देवकी की विदाई हो रही थी तभी आकाशवाणी हुई कि देवकी की आठवीं संतान कंस को मारेगी। इतना सुनते ही कंस ने वसुदेव एवं देवकी को कारागार में डाल दिया। उसकी सात संतानों को उसने मार डाला। आठवी संतान कृष्ण को नंदगाँव पहुँचा दिया। नंद और यशोदा ने बड़े लाड़प्यार से उनका पालन–पोषण किया। कृष्ण ने बड़े होकर कंस का वध किया। अपने माता–पिता तथा प्रजा को अत्याचारी कंस से छुटकारा दिलाया। आगे चलकर कृष्ण यदुवंशियों के राजा बने।

**प्रश्न –**

**(क) कंस कहाँ का राजा था ?**

i. काशी — ii. सागर
iii. नगर — iv. मथुरा

**(ख) देवकी का विवाह किसके साथ हुआ था ?**

i. अशोक — ii. राम
iii. वसुदेव — iv. राकेश

**(ग) अत्याचारी कौन था ?**

i. मोहन — ii. कंस
iii. राजेश — iv. रवि

**(घ)** क्या आकाशवाणी हुई थी ? (2)

**(ङ)** किसने कृष्ण का लालन–पालन किया ? (2)

**प्रश्न. 2 निम्नलिखत अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर छाँटकर लिखिए –** (3)

एक बार राजा अकबर बीमार पड़ गए। बीमारी के कारण वे रात–रात भर जागते रहते। नींद उनसे कोसों दूर भाग गई थी। राजवैद्य ने कई दवाइयाँ व उपाय आज़मा लिए, पर कोई लाभ नहीं हुआ। सारी दुनिया रात में सोती और बादशाह अकबर जागते। अकबर को तो वैसे ही किस्से कहानियाँ सुनने का बड़ा शौक था। अकबर ने रोज रात को एक कहानी सुनने का निश्चय किया। इस तरह प्रतिदिन रात को कोई–न कोई दरबारी आकर अकबर को कहानी सुनाने लगा।

**(क)** एक बार कौन बीमार पड़ गया ?

i. बीरबल — ii. सिपाही

iii. अकबर iv. मंत्री

**(ख)** कौन उनसे कोसों दूर भाग गई ?

i. नींद ii. भूख

iii. आलस iv. बीमारी

**(ग)** किसने दवाइयाँ दी ?

i. मरीज ii. राजवैद्य

iii. सेवक iv. माली

**(घ)** अकबर ने रोज रात को क्या निश्चय किया और क्यों ? (2)

**(ङ)** कौन बीमार पड़ गये और उनको क्या समस्या होने लगी ? (2)

**खण्ड ख ( व्यावहारिक व्याकरण )**

**प्रश्न 3. पर्यायवाची के आधार पर निर्देशानुसार उत्तर लिखिए –(कोई दो)** (2)

(1) 'पृथ्वी' शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए।

**(2)** '<u>व्योम</u>' विशाल है। रेखांकित अंश के स्थान पर पर्यायवाची शब्द का प्रयोग कीजिए।

**(3)** आज <u>अध्यापक</u> नहीं आए। रेखांकित शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए।

**प्रश्न 4. विलोम के आधार पर निर्देशानुसार उत्तर लिखिए –(कोई दो)** (2)

(1) रमेश का **<u>मित्र</u>** दिल्ली में पढ़ता है। रेखांकित शब्द का विलोम क्या होगा ?

(2) वह **<u>असत्य</u>** भाषण करता है। रेखांकित शब्द का विलोम शब्द लिखकर वाक्य पुनः लिखिए।

(2) यह **<u>प्राचीन</u>** भवन है। रेखांकित शब्द का विलोम शब्द लिखिए।

**प्रश्न 5. वाक्य के आधार पर निर्देशानुसार उत्तर लिखिए –(कोई दो)** (2)

**(1)** सचिन लगातार खेलता रहता है। वाक्य में उद्देश्य क्या है ?

**(2)** कपिलदेव एक प्रसिद्ध खिलाड़ी है। वाक्य में विधेय क्या है ?

**(3)** उद्देश्य किसे कहते है ?

**प्रश्न 6. क्रिया के आधार पर निर्देशानुसार उत्तर लिखिए –(कोई एक)** (1)

**(1)** क्रिया के (कितने प्रकार) होते हैं ?

**(2)** सकर्मक क्रिया किसे कहते हैं ? उदाहरण सहित उत्तर दीजिए।

**प्रश्न 7. काल के आधार पर निर्देशानुसार उत्तर लिखिए –(कोई एक)** (1)

**(1)** काल कितने प्रकार के होते हैं ?

**(2)** भूतकाल और भविष्यकाल में अंतर स्पष्ट कीजिए।

**प्रश्न 8. उपसर्ग के आधार पर निर्देशानुसार उत्तर लिखिए –(कोई एक)** (1)

**(1)** प्रतिदिन शब्द में कौन सा (उपसर्ग है) ?

**(2)** अनुपस्थित शब्द से उपसर्ग और मूलशब्द अलग कीजिए।

**प्रश्न 9. प्रत्यय के आधार पर निर्देशानुसार उत्तर लिखिए –(कोई एक)** (1)

**(1)** शारीरिक शब्द में कौन सा प्रत्यय है ?

**(2)** दिल में कड़वाहट होना अच्छा गुण नहीं है। वाक्य से प्रत्ययवाला शब्द छाँटकर लिखिए।

**प्रश्न 10. सर्वनाम के आधार पर निर्देशानुसार उत्तर लिखिए –(कोई दो)** (2)

(1) वह प्रतिदिन पढ़ता था। वाक्य से सर्वनाम छाँटकर लिखिए।

(2) शिक्षक के कहने पर हमने परीक्षा की तैयारी की। वाक्य से सर्वनाम छाँटकर लिखिए।

(3) अध्यापिका ने <u>छात्र को</u> पढ़ते हुए देखा। रेखांकित अंश के स्थान पर सर्वनाम का प्रयोग कीजिए।

**प्रश्न 11. अनेक शब्दों के लिए एक शब्द के आधार पर निर्देशानुसार उत्तर लिखिए –(कोई दो)** (2)

(1) कहानी लिखने वाला। इस वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए।

(2) जो मेहनत करता है उसे एक शब्द क्या कहते हैं ?

(3) सलाहकार का अर्थ क्या है ?

**प्रश्न 12. मुहावरे के आधार पर निर्देशानुसार उत्तर लिखिए –(कोई दो)** **(2)**

(1) कठिन परिश्रम करना। अर्थ के लिए उचित मुहावरा क्या होगा ?

(2) आँखें लाल होना । मुहावरे का क्या अर्थ है ?

(3) फूटी आँख न सुहाना। मुहावरे का वाक्य में प्रयोग कीजिए।

## खण्ड ग ( साहित्य )

**प्रश्न 13. पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर छाँटकर लिखिए–** **(5)**

अब्राहम लिंकन अमेरिका के 16 वें राष्ट्रपति थे। 4 मार्च,1861 से 15 अप्रेल,1865 तक वे इस पर पर बने रहें 12 फरवरी, 1809 को केंटकी के होजनविले में लिंकन का जन्म हुआ। उन्होंने प्रारभिक शिक्षा ज्यादातर घर पर रहकर ही प्राप्त की। वे खूब पढ़ते–लिखते थे और खेती के काम में अपने पिताजी का हाथ बँटाते थे। बड़े होकर उन्होंने वकालत की पढ़ाई की और वकील बने।

**प्रश्न –**

(1) अब्राहम लिंकन का जन्म कहाँ हुआ ?

**क.** फ्रांस **ख.** इंग्लैंड

**ग.** जापान **घ.** होजनविले

(2) अब्राहम लिंकन कहाँ के राष्ट्रपति थे।

**क.** अमेरिका **ख.** इंग्लैंड

**ग.** जापान **घ.** जनेवा

(3) अब्राहम लिंकन प्रारभिक शिक्षा कहाँ प्राप्त की ?

**क.** स्कूल **ख.** घर में

**ग.** आंगन **घ.** गली

(4) वे किस काम में अपने पिताजी की मदद करते थे ?

**क.** बाजार में **ख.** घर में

**ग.** खेत में **घ.** गली

(5) वे बड़े होकर क्या बनें ?

**क.** वैज्ञानिक **ख.** जादूगर

**ग.** व्यापारी **घ.** वकील

**प्रश्न 14. पठित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर छाँटकर लिखिए–** **(5)**

इतने ऊँचे उठो कि जितना उठा गगन है।
देखो इस सारी दुनिया को एक दृष्टि से,
सिंचित करो धरा, समता की भाव वृष्टि से
जाति भेद की, धर्म–वेश की काले रंग–द्वेष की,
ज्वालाओं से जलते जग में इतने शीतल बहो कि जितना मलय पवन है।।

(1) दुनिया को कैसी दृष्टि से देखना है ?

**क.** असमान दृष्टि से **ख.** समान दृष्टि से

**ग.** प्रेम दृष्टि से **घ.** प्रत्येक दृष्टि से

(2) कवि किससे ऊँचा उठने के लिए कहा है ?

**क.** सागर से **ख.** पर्वत से

**ग.** पेड़ों से **घ.** आसमान से

(3) सबके साथ कैसा भाव रखना है ?

**क.** दुर्भाव **ख.** निर्भाव

ग. सद्भाव — घ. कोई पर्याय सही नहीं

(4) धरती को किससे सींचने के लिए कहा है ?

क. बारिश के पानी से — ख. समानता के भावों से

ग. सागर के पानी से — घ. साफ सुथरे जल से

(5) **धरा** शब्द का पयार्यवाची नहीं है ?

क. भूमि — ख. धरती

ग. भू — घ. पवन

**प्रश्न 15. दिए गए प्रश्नों के अति लघु उत्तर लिखिए – (कोई पाँच)** (5)

(क) कबीर के अनुसार भगवान कहाँ पर निवास करते हैं ?

(ख) रानी शुकदेई किसके विरूद्ध युद्ध के लिए तैयार थी ?

(ग) शारीरिक और मानसिक कसरत न करने से क्या होता है ?

(घ) अंत में साधु को क्या समझ में आ गया ?

(ङ) चेतक कौन था ?

(च) क्रिया विशेषण के कितने प्रकार हैं ?

**प्रश्न 16. दिए गए प्रश्नों के लघु उत्तर लिखिए –(कोई तीन)** (6)

(क) गाड़ियों में क्या था और उन्हें कहाँ ले जाया जा रहा था ?

(ख) शरीर को स्वस्थ रखने के लिए क्या–क्या करना चाहिए ?

(ग) पाठ के आधार पर विराट कोहली का जीवन परिचय लिखिए।

(घ) बंदी बने खुर्दा के राजा को लज्जा क्यों आ रही थी ?

**प्रश्न 17. दिए गए प्रश्नों के दीर्घ उत्तर लिखिए –(कोई तीन)** (9)

(क) भ्रष्टाचार और रिश्वत को हम कैसे समाप्त कर सकते हैं ?

(ख) गगन के समान ऊँचा उठने के लिए क्या करना होगा ?

(ग) महाराणा प्रताप की वीरता और शौर्यता का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए ?

(घ) धरती को हम स्वर्ग कैसे बना सकते हैं ? विस्तार से लिखिए

## खण्ड घ ( लेखल कौशल )

**प्रश्न 18. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर विज्ञापन तैयार कीजिए –** (5)

**(1)** 'रुचिता' कहानी की पुस्तक के लिए 20–30 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन लिखिए।

**(2)** 'प्रियल्मी' मोबाइल फोन के लिए 20–30 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन लिखिए।

**प्रश्न 19. नीचे लिखे विषय पर 60 से 80 शब्दों में एक अनुच्छेद कीजिए – ( कोई एक)** (5)

**(1)** मेरा प्रिय खेल

**(2)** अनुशासन का महत्व

**प्रश्न 20. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर संवाद लेखन कीजिए –** (5)

**(1)** दो मित्र के बीच 60–80 शब्दों में एक संवाद लिखिए जिसमें 'पर्यावरण' विषय पर चर्चा की गई हो।

**(2)** वार्षिक परीक्षा की तैयारी पर पिता पुत्र में हुए संवाद का लेखन 60–80 शब्दों में कीजिए।

**प्रश्न 21.** अपने मित्र को क्रिकेट में शतक बनाने पर बधाई पत्र लिखिए। **(5)**

**अथवा**

मोबाइल चोरी होने के संबंध में पुलिस अधिकारी को शिकायत करते हुए आवेदन पत्र लिखिए।

**'' शुभकामनाएँ ''**